web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 03 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 215

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पार्सल खोलते ही हुआ जोरदार धमाका, पिता और बेटी की मौत

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां साबरकांठा के वडाली के वेदा गांव में ऑनलाइन पार्सल ब्लास्ट में दो लोगों की मौत हो गई। घटना में पास खड़े परिवार के दो अन्य सदस्य भी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, वडाली तालुका के वेद गांव में एक व्यक्ति ने इलेक्ट्रिक आइटम का ऑनलाइन ऑर्डर किया था। जिसका पार्सल आया था। पार्सल खुलते ही जोरदार धमाका हो गया। पार्सल खोलने वाले एक 30 वर्षीय व्यक्ति और एक 11 वर्षीय लडक़ी की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक और जिला एलसीबी सहित वडाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की आगे की जांच कर रही है। धमाका इतना जोरदार था कि घटनास्थल के आसपास अफरा-तफरी मच गई।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में हेमंत सोरेन को राहत नहीं, कोर्ट ने न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ाई

**रांची (आरएनएस)।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। हेमंत सोरेन को अब 16 मई तक रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में रहना होगा। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई। जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम की भी आज अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई। बता दें कि रांची के बडग़ाईं अंचल में साढ़े आठ एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने के मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को बीते 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं।

### जमीन विवाद में दो भाइयों की हत्या, तीन गंभीर

**जौनपुर (आरएनएस)।** जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के पल्टूपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर ख़ूनी संघर्ष के दौरान में भाइयों की हत्या कर दी गयी जबकि तीने लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया जबकि अन्य फरारा हो गये। बताते है कि बरसठी थाना के क्षेत्र के पल्टूपुर गांव की एक विवादित जमीन को लेकर गुरुवार की सुबह दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगा। परिणाम स्वरूप पांच लोग घायल हो गये, । बताया जा रहा है कि दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव एवं शेषनाथ यादव के बीच पट्टे की जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। सुबह दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव जमीन पर मड़हा रख रहे थे कि शेषनाथ यादव ने जब रोका तो लाठी डंडों एवं राड से मारपीट हो गई। मारपीट में 60 वर्षीय दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव , 40 वर्षीय भाई सुभाष यादव , 44 वर्षीय भरत लाल यादव , पुत्रगण पारसनाथ यादव एवं 23 वर्षीय सुनील यादव पुत्र दशरथ यादव 23 वर्ष, 13 वर्षीय अमित यादव पुत्र भरत लाल यादव घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसठी इलाज के लिए ले जाया गया जहां पर सुभाष यादव एवं दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसके थोड़ी देर बाद सुनील यादव को भी एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया । सुभाष यादव एवं दशरथ यादव की मौत हो गई।

# आम तौर पर जारी नहीं किए जा सकते गैर-जमानती वारंट : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली** | आरएनएस



सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक हालिया फैसले में कहा है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका न हो।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि हालांकि गैर-जमानती वारंट जारी करने के बारे में कोई विस्तृत दिशा-निर्देश नहीं है, शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर टिप्पणी की है कि गैर-जमानती वारंट तब तक जारी नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ अथवा उसे नष्ट करने की आशंका न हो। खंडपीठ में न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी भी शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने समन के आदेश को रद्द करते हुए कहा, इस संबंध में कानून में स्थिति स्पष्ट है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए और किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को तब तक प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में ऐसा करना जरूरी न हो।

लखनऊ के विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 2021 में मैनेजर सिंह के खिलाफ यह कहते हुए गैर-जमानती वारंट जारी किया था कि जमानत से पहले निजी रूप से अदालत के समक्ष उपस्थित होने से छूट का कोई प्रावधान नहीं है। एक अन्य आदेश में कहा गया था कि चूंकि जमानती वारंट जारी करने के बाद भी आरोपी उपस्थित नहीं हुआ, इसलिए निजी रूप से उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया जाता है।

शीर्ष अदालत ने कहा, यह टिप्पणी कि जमानत से पहले निजी रूप से अदालत के समक्ष उपस्थित होने से छूट का कोई प्रावधान नहीं है, सही नहीं है। (दंड प्रक्रिया) संहिता की निजी पेशी से छूट की शक्ति की व्याख्या इस तरह से नहीं की जानी चाहिए कि यह आरोपी को जमानत मिलने के बाद ही लागू हो सकता है। मेनका संजय गांधी और अन्य बनाम रानी जेठमलानी के मामले में इस अदालत ने कहा था कि जब तथ्य तथा परिस्थितियों के मद्देनजर इस तरह की छूट की जरूरत हो तो निजी पेशी से छूट की शक्ति का उदारतापूर्वक इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से उसके आदेश में की गई टिप्पणी के सिलसिले में पूरे मामले पर पुनर्विचार करने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए कहा। उसने ट्रायल कोर्ट द्वारा तय शर्तों पर आरोपी मैनेजर सिंह को जमानत पर रिहा करने का भी आदेश दिया।

## रेल ट्रैक से उतरे मालगाड़ी के डिब्बे, प्रशासन में मची अफरा-तफरी; कई ट्रेनों का परिचालन बाधित



**दरभंगा** | आरएनएस

दरभंगा के बेला मोड़ स्थित रैक प्वाइंट पर बुधवार देर रात मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण रेल परिचालन बाधित है। साथ ही बेला- मनीगाछी रूट पूर्णत: बाधित हो गया है। अब तक सिर्फ एक बोगी को पटरी पर लाया गया है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार की रात लगभग 9:00 बजे बेला रेक पॉइंट पर लोडेड मालगाड़ी की तीन बोगी अचानक में पटरी से उतर गई।

जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी अभियंताओं के एक दल के साथ मौके पर पहुंच कर पटरी को दुरुस्त करने के प्रयास में लगे है। दुर्घटना के बाद से अप लाइन से कुछ गाडिय़ों को पास कराया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच की जांच की जा रही है।

### सांप के काटने से युवक की मौत

## अंधविश्वास में डूबे परिवार ने जिंदा करने के लिए लाश को दो दिन तक गंगा में लटकाए रखा

**बुलंदशहर** | आरएनएस

सोचकर हैरानी होती है कि कैसे 21वीं शताब्दी के तकनीकी युग में भी लोग आंख मूंदकर अंधविश्वास पर भरोसा कर लेते हैं। मामला बुलंदशहर का है, जहां एक युवक को जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई, लेकिन उसके परिजनों को किसी ने यह बता दिया कि अगर आप इसके शव को गंगा में बांधकर रखेंगे, तो उसकी जान बच सकती है। मृतक युवक अपने परिजनों का सबसे अजीज था, इसलिए उसके परिजनों ने उसके शव को गंगा नदी के किनारे दो दिनों तक बांधे रखा। लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

इसके बाद उसके परिजनों ने अवंतिका देवी घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। बीते 26 अप्रैल को गांव जयरामपुर कुदेना का रहना वाला (20) मोहित कुमार मतदान करने के बाद खेत पर चला गया था। इस दौरान उसे सांप ने काट लिया, जिसकी सूचना उसने परिजनों को दी। परिजन उसे इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले गए। आराम न मिलने पर परिजन उसे झाड़-फूंक के लिए ले गए, लेकिन उसकी हालत और अधिक बिगड़ती चली गई।

कुछ लोगों ने परिजनों को बताया कि सांप काटे व्यक्ति के शरीर को गंगा में रखने पर जहर उतर जाता है। इस अंधविश्वास में आकर परिजनों ने युवक के शरीर को गंगा में रख दिया। उसके शव को बांधकर नदी में रख दिया और उसे पुल के खंभे से बांध दिया। सांस वापस न आने पर बाद में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## सिटीपीएल ने एटीएमए टेस्ट के लिए नामांकन वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एआईएमएस के साथ की साझेदारी

**एटीएमए टेस्ट के माध्यम से पीजीडीएम और एमबीए एडिमशन में क्रांति लाने की योजना**

**नई दिल्ली** | आरएनएस

क्रिएनोवेशन टेक्नोलॉजीस् प्राइवेट लिमिटेड (सिटीपीएल) ने देश भर के शैक्षणिक संस्थानों के लिए नामांकन प्रक्रियाओं को बदलने के लिए एटीएमए (मैनेजमेंट दाखिला के लिए एआईएमएस टेस्ट) टेस्ट से पीजीडीएम और एमबीए उम्मीदवारों के बीच बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैनेजमेंट स्कूल्स (एआईएमएस) के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। सिटीपीएल ने नामांकन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, प्रतिष्ठित भागीदार संस्थानों के लिए 100,000 से अधिक सफल अनुप्रयोगों की सुविधा के साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों का लाभ उठाने में लगातार अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है। प्रमुख साझेदारों को एकजुट करके वास्तविक समय की संभावित बातचीत को प्रबंधित करके और अंतिम नामांकन को निर्बाध रूप से सक्षम करके, सिटीपीएल ने अपेक्षाओं को पार किया है। जिससे उच्च शिक्षा नामांकन के विकास को बढ़ावा मिला है। सिटीपीएल का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में एटीएमए परीक्षार्थियों के लिए नामांकन दोगुना करना है, जो एआईएमएस के साथ इसकी साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह सहयोग पीजीडीएम और एमबीए उम्मीदवारों को असंख्य अवसर प्रदान करता है, जो एआईएमएस से संबद्ध 500 से अधिक सदस्य संगठनों तक पहुंच प्रदान करता है। सिटीपीएल के सीईओ विकास चंद्र साहू ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, एटीएमए टेस्ट के लिए एआईएमएस के साथ हमारा जुड़ाव उच्च शिक्षा परिदृश्य में क्रांति लाने के हमारे मिशन में महत्वपूर्ण है। एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, यह साझेदारी पीजीडीएम और एमबीए उम्मीदवारों के लिए हमारी विशेषज्ञता का विस्तार करती है। हम राष्ट्रीय परीक्षाओं की बढ़ती मांग के बीच एटीएमए परीक्षार्थियों के लिए अवसरों को अधिकतम करने के लिए समर्पित हैं। एटीएमए चैयरमेन और वी स्कूल में सेंटर ऑफ एक्सलेंस के डीन डॉ. डी वाई पाटिल ने एआईसीटीई और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त योग्यता परीक्षा के रूप में एटीएमए के महत्व पर टिप्पणी की। उन्होंने नामांकन के लिए सिटीपीएल के केंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित होकर देश भर में एटीएमए टेस्ट परीक्षार्थियों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि की संभावना के बारे में आशा व्यक्त की।

## अनियंत्रित कार ने चार लोगो को रौंदा दो की घटना स्थल पर मौत

**श्रीवस्ती** | आरएनएस

जिले के थाना हरदत्त नगर गिरंट अंतर्गत गिरंट बाजार में बुधवार देर रात बदला चौराहा से गिरंट बाजार आ रही तेज रफ्तार कार ने कुत्ते से टकास गई जिससे संतुलन बिगड गया और घर के सामने तख्त पर बैठे लोगों से जाकर भिड गई। जिसमें 45 वर्षीय मुसाहिब अली पुत्र फारूक और 60 वर्षीय निजामुद्दीन पुत्र अब्दुल हक को घसीटते हुए दीवार से जाकर टक्कर मारते हुए सडक पर जाकर पलट गई। जिसमें दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथ में बैठे 50 वर्षीय रसीद पुत्र अब्दुल हक और काजी मौलाना 40वर्षीय मोहम्मद हुसैन पुत्र शब्बीर अली निवासी इमलिया करनपुर जो मुसाहिब अली के घर आए थे ठोकर लगने से दोनों लोगों घायल हो गये मृतक मुसाहिब अली पुत्र फारूक और मृतक निजामुद्दीन पुत्र अब्दुल हक के साथ ही जिला अस्पताल ले गए जबकि रसीद, काजी मौलाना मोहम्मद हुसैन घायल को जिला अस्पताल भिनगा भेजा गया जहां दोनों को बहराइच रिफर कर दिया गया। काजी मौलाना मोहम्मद हुसैन के पैर में और रसीद के पैर में गंभीर रूप से कुचल दिया था। जिसमें कारी मोहम्मद हुसैन को बहराइच अस्पताल में रोककर इलाज चल रहा है जबकि रसीद को लखनऊ रिफर कर दिया गया। रात्रि में कार चालक संतोष कुमार वर्मा पुत्र पुत्तन वर्मा निवासी हरदत्त नगर गिरंट के बरगदही गांव को घटना के बाद भागते हुए 112नंबर पुलिस ने अपने हिरासत में लिया कार में सवार संदीप वर्मा पुत्र रामसूरत वर्मा को भी मौके पर पकड लिया जबकि अन्य कार सवार भागने में कामयाब रहे। घटना स्थल पर सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने चौकी इंचार्ज हरदत्त नगर गिरंट नदीम खान के मृतक के घर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए रोते बिलखते परिवार को संतावना दी। घटना में कारी मोहम्मद हुसैन की मोटरसाइकिल साइकिल चकनाचूर हो गई। दोनों मृतकों को बहराइच अस्पताल में पीएम के लिए रोक लिया गया। वहीं घटना की जानकारी लेखपाल सुनील कुमार मिश्रा को हुई तो वह भी मृतक मुसाहिब अली पुत्र फारूक और मृतक निजामुद्दीन के घर पहुंचे। पुलिस वाहन को थाने पर ले आई है घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया भी पहुंचे।

### एक ही बाइक पर सवार था पूरा परिवार, सड़क हादसे में 4 की मौत, 5वें की हालत गंभीर

**चतरा (आरएनएस)।** झारखंड के चतरा जिले के पिपरवार में सडक़ हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांचवां बुरी तरह जख्मी हो गया और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा बुधवार देर रात पिपरवार के बेलवाटांड़ चौक पर हुआ। बताया गया कि होमगार्ड का जवान पंकज कुमार बाइक पर पत्नी और तीन बच्चों के साथ जा रहा था। किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए हादसे में पंकज कुमार, उसकी पत्नी गुडिय़ा देवी, दो बच्चों राजदीप और सलोनी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक अन्य बालक दीपराज बुरी तरह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। खलारी के डीएसपी रामनारायण चौधरी ने बताया कि घायल बच्चे को पुलिस की सहायता से इलाज के लिए रांची ले जाया गया है। होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के लोग उसकी देखभाल में जुटे हैं।


## माई इनबॉक्स मीडिया ने ग्रैंड एनिवर्सरी ईवेंट के साथ 14 वर्ष की सफलता को किया सेलिब्रेट

**नई दिल्ली** | आरएनएस

दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित लीला होटल में माई इनबॉक्स मीडिया ने अपनी 14वीं वर्षगांठ को शानदार तरीके से मनाया। इस मौके पर जेटलाइन ग्रुप के सीओओ श्री परिमित परमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उनकी गरिमामयी उपस्थित से सुशोभित इस कार्यक्रम ने संगठन की उल्लेखनीय यात्रा का सच्चा प्रमाण पेश किया। 100 से अधिक ग्राहकों और भागीदारों की उपस्थिति के साथ यह शाम 'माई इनबॉक्स मीडिया और उत्कृष्टता के प्रति इसके अटूट समर्पण के लिए तालियों और प्रशंसा से भरी रही। साधारण शुरुआत के बाद भी यह बूटस्ट्रैप्ड कंपनी भारत, यूएई, केएसए, यूएसए, कनाडा, मिस्र और ऑस्ट्रेलिया में कार्यालयों के साथ एक वैश्विक इकाई बन गई है, जो 20,000 से अधिक संतुष्ट ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है।सफलता की राह पर विचार करते हुए माई इनबॉक्स मीडिया के प्रबंध निदेशक और संस्थापक ने 2010 में कंपनी की स्थापना के बारे में अंतर्दृष्टि साझा की, जब इसकी शुरुआत सिर्फ पांच समर्पित व्यक्तियों की एक टीम के साथ हुई थी। माई इनबॉक्स मीडिया का विकास कड़ी मेहनत और बड़े सपने देखने के साहस का एक सफल उदाहरण है।इस कार्यक्रम में पिछले 14 वर्षों की यादें संजोई गईं, उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। आशावाद और महत्वाकांक्षा के साथ भविष्य की कल्पना की गई। माई इनबॉक्स मीडिया दूरसंचार और आईटी परिदृश्य में उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के लिए नए मानक स्थापित करते हुए इनोवेशन और रचनात्मकता को प्रेरित करना जारी रखे है।

## लेबनान के गांवों पर इजरायली हमले में 1 की मौत, 3 घायल

**बेरूत**



लेबनान के सैन्य सूत्रों ने मीडिया को बताया कि दक्षिणी लेबनान में गांवों पर इजरायली हवाई हमलों में एक हिजबुल्लाह लड़ाका मारा गया और तीन नागरिक घायल हो गए।

एक इजरायली युद्धक विमान ने लेबनान में दक्षिण के गांव टायर हर्फा में दो मिसाइलें दागीं, जिससे एक घर नष्ट हो गया और घर के अंदर एक हिजबुल्लाह लड़ाका मारा गया।

सूत्रों के अनुसार, एक अन्य हवाई हमले में दक्षिण-पूर्व के गांव अडेसेह को निशाना बनाया गया, जिसमें तीन नागरिक घायल हो गए।

सैन्य सूत्रों ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान में सीमा क्षेत्र के पूर्वी और मध्य सेक्टरों में तीन कस्बों और गांवों पर सिलसिलेवार हवाई हमले किए।

7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के साथ एकजुटता में लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने इजरायल की ओर रॉकेटों की बौछार की। इसके के बाद 8 अक्टूबर 2023 को लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी की।

लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिज़्बुल्लाह और इजऱाइल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 445 लोग मारे गए हैं।

### चीन में भारी बारिश ने बरपाया कहर

## राजमार्ग का हिस्सा ढहने से 36 लोगों की मौत

**बीजिंग**



दक्षिणी चीन में भारी बारिश के बाद एक राजमार्ग का एक हिस्सा ढह गया, जिसके कारण कई कारें ढलान से नीचे गिर गईं और कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। मीझोउ शहर सरकार ने कहा कि बुधवार सुबह करीब 2 बजे राजमार्ग के 17.9 मीटर लंबे हिस्से के खिसकने के बाद 23 वाहन एक गड्ढे में पाए गए। एक सरकारी बयान में कहा गया कि तीस अन्य लोगों को चोटें आईं हैं। उनकी स्थिति सामान्य है और इलाज जारी है।

गुआंग्डोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ के साथ-साथ ओलावृष्टि भी देखी गई है। पिछले सप्ताहांत प्रांतीय राजधानी गुआंगजौ में एक बवंडर ने पांच लोगों की जान ले ली। अप्रैल की शुरुआत में मीझोउ के कुछ गांवों में बाढ़ आ गई थी और शहर में हाल के दिनों में भारी बारिश हुई थी।

ऐसा प्रतीत होता है कि राजमार्ग के नीचे की जमीन और उसके ऊपर सडक़ का हिस्सा भी धँस गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और खंड के ढहने से ठीक पहले आगे बढऩे के बाद उन्होंने अपने पीछे एक गड्ढा खुला हुआ देखा। स्थानीय मीडिया में वीडियो और तस्वीरों में घटनास्थल पर धुंआ और आग दिखाई दे रही है, साथ ही राजमार्ग की रेलिंगें आग की लपटों की ओर झुक रही हैं। हाईवे से नीचे की ओर जाने वाली ढलान पर काली कारों का ढेर देखा जा सकता था।